# High School Teacher Eligibility Test-2018
# 2nd Feb 2019 09:30am

Topic:- GENERAL HINDI

**1) निम्नलिखित विकल्पों में से 'अनुमान' का सही समानार्थी शब्द बताइए।**

1. प्राक्कलन

2. अटकलबज़ी

3. परिकल्पना

4. मानना

**Correct Answer :-**

- प्राक्कलन

---

**2) शांत रस का स्थायी भाव ________ है।**

1. भक्ति

2. वत्सल

3. निर्वेद

4. जुगुप्सा

**Correct Answer :-**

- निर्वेद

---

**3) 'चारु चन्द्र की चंचल किरणें खेल रही है जल थल में' में कौन सा अलंकार है?**

1. उपमा अलंकार

2. श्लेष अलंकार

3. यमक अलंकार

4. अनुप्रास अलंकार

**Correct Answer :-**

- अनुप्रास अलंकार

**4) 'जो नया आया हुआ हो' इस शब्द समूह के लिए एक शब्द बताइए।**

1. दुर्लभ
2. नवजीवन
3. नवागन्तुक
4. नया मेहमान

**Correct Answer :-**

- नवागन्तुक

**5) नीचे दिए विकल्पों में से 'सौजन्यता' का शुद्ध रूप कौन सा है?**

1. सौजन्य
2. शौजन्य
3. शूजन्य
4. सौजनैय

**Correct Answer :-**

- सौजन्य

**6) निम्नलिखित में से 'आय' शब्द के लिए कौन सा सही विलोम शब्द है?**

1. व्यय
2. ब्यय
3. ब्याय
4. बयान

**Correct Answer :-**

- व्यय

**7) 'पाठक' शब्द में कौन सा प्रत्यय है?**

1. क
2. अक
3. आक

4. अ

**Correct Answer :-**

- अक

**8) 'राजा' का पर्यायवाची बताइए।**

1. भूप
2. नीर
3. व्योम
4. सुधाकर

**Correct Answer :-**

- भूप

**9) दोपहर का समय क्या कहलाता है?**

1. अपराह्न
2. निशीथ
3. मध्याह्न
4. पूर्वाह्न

**Correct Answer :-**

- मध्याह्न

**10) 'ऊँट के मुँह में जीरा' इस मुहावरे का अर्थ निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा है?**

1. भेद प्रकट हो जाना
2. हर समय काम करने वाला
3. रोब जमाना
4. आवश्यकता से बहुत कम

**Correct Answer :-**

- आवश्यकता से बहुत कम

Topic:- GENERAL ENGLISH

**1) Choose the option that best expresses the meaning of the highlighted idiom/phrase:**

**I cannot stand on ceremony with my friends.**

1. like ceremonies

2. get personal

3. avoid being invited

4. be formal

**Correct Answer :-**

- be formal

---

**2) A sentence with an underlined word is given below. Choose the correct option which is closest in meaning to the underlined word:**

**After a lengthy argument all of us reached a consensus.**

1. point

2. decision

3. agreement

4. conclusion

**Correct Answer :-**

- agreement

---

**3) Out of the following options, choose the most appropriate usage to fill in the blank:**

**India's strategy for double digit economic growth in the $11^{th}$ Plan period is predicted _______ a minimum 4% growth in the agriculture sector.**

1. in the expectation through

2. in expectation of

3. on the expectation cross

4. on the expectation over

**Correct Answer :-**

- in expectation of

---

**4) Out of the following options, choose the most appropriate tense that best fills in to complete the given sentence:**

**He _________ when he _________ the scholarship.**

1. was disappointing, did not win

2. was disappointed, did not won

3. was disappointed, did not win

4. had been disappointed, has not win

**Correct Answer :-**

- was disappointed, did not win

**5) Out of the following options, choose the correct form of adverb for the given sentence:**

**This is ______ the time to raise such questions.**

1. so often

2. frequent

3. scarcely

4. every

**Correct Answer :-**

- scarcely

**6) Out of the following options, choose the correct form of verb that is in agreement with the subject for the given sentence:**

**These largely treeless isles ______ frequently battered by Atlantic storms, gales and rain.**

1. has been

2. is

3. are

4. was

**Correct Answer :-**

- are

**7) Out of the following four options, choose the incorrect sentence:**

1. How many food should I order for the lunch of the client being planned for tomorrow?

2. He put on his duffel cap, clutched his trench coat tight and went out into the howling wind.

3. The kidnappers had planned to demand a ransom of Rs. 2 lakhs after two days.

4. Christmas is round the corner and Christians round the world are preparing for the festivities.

**Correct Answer :-**

- How many food should I order for the lunch of the client being planned for tomorrow?

**8) Arrange the sentences P, Q, R and S to form a logical sequence between sentences 1 and 6.**

**1. An octopus appears to be just a huge head with eight long, fearful arms.**
**P. Its mouth is on the underside of its body.**
**Q. Its head is soft like rubber and its eyes stick out on stalks so that it can see in all directions.**
**R. It has powerful jaws shaped like a beak.**
**S. The long arms or tentacles have double rows of suckers which can fasten into objects.**
**6. They fasten into objects with such immense force that they cannot be pulled off.**

1. RPSQ
2. SPQR
3. QPSR
4. QPRS

**Correct Answer :-**

- QPRS

Topic:- GENERAL KNOWLEDGE

**1) The fixed method of regulating the currency exchange of different countries was brought by: /**

**विभिन्न देशों के मुद्रा विनिमय को विनियमित करने की निश्चित विधि ________ के द्वारा लाई गई थी।**

1. IMF / अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
2. World bank / विश्व बैंक
3. FATF / एफएटीएफ
4. WTO / विश्व व्यापार संगठन

**Correct Answer :-**

- IMF / अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

**2) The Madhya Pradesh State Planning Commission was established through the General Administration Department's resolution released in the year ________. /**

**मध्य प्रदेश राज्य योजना आयोग की स्थापना, वर्ष ________ में जारी सामान्य प्रशासन विभाग के प्रस्ताव के माध्यम से की गई थी।**

1. 1985
2. 1972
3. 1995
4. 2007

**Correct Answer :-**

- 1972

**3) The robot SB Met, which has become the first robot to cross Atlantic, is developed by the company of which country? /**

**रोबोट एसबी मेट, जो अटलांटिक पार करने वाला पहला रोबोट बन गया है, किस देश की कंपनी द्वारा विकसित किया गया है?**

1. Japan / जापान
2. United Kingdom / यूनाइटेड किंगडम
3. Norway / नार्वे
4. France / फ्रांस

**Correct Answer :-**

- Norway / नार्वे

---

**4) Who was the First Chief Justice of Federal Court of India? / भारत के संघीय न्यायालय के प्रथम मुख्य न्यायाधीश कौन थे?**

1. Sir Srinivas Varadachariar/ सर श्रीनिवास वरदाचारी
2. Sir H.J. Kania / सर एच.जे. कानिया
3. Sir Maurice Linford Gwyer / सर मॉरिस लिंडफोर्ड गॉयर
4. Sir Patrick Spens / सर पैट्रिक स्पेंस

**Correct Answer :-**

- Sir Maurice Linford Gwyer / सर मॉरिस लिंडफोर्ड गॉयर

---

**5) CANCELLED**

**As per Census 2011, what is the total population of Madhya Pradesh? /**

**जनगणना 2011 के अनुसार, मध्य प्रदेश की कुल जनसंख्या कितनी है?**

1. 53492000
2. 61278000
3. 80034000
4. 7627000

**Correct Answer :-**

- 7627000

---

**6) CANCELLED**

**How many Municipal Corporations are there in Madhya Pradesh? /**

**मध्यप्रदेश में कुल कितने नगर निगम हैं?**

1. 14

2. 15

3. 13

4. 12

**Correct Answer :-**

- 14

---

**7) CANCELLED**

**River that flows in the east, passes through Madhya Pradesh and drains into Bay of Bengal near Orissa is: /**

**वह नदी जो पूरब में बहते हुए मध्य प्रदेश से होकर गुजरती है और उड़ीसा के पास बंगाल की खाड़ी में गिरती है:**

1. Mahanadi / महानदी

2. Denwa / देनवा

3. Chambal / चंबल

4. Shipra / क्षिप्रा

**Correct Answer :-**

- Mahanadi / महानदी

---

**8) The carbohydrates which are not used immediately in the plants is stored as: /**

**कार्बोहाइड्रेट जो पौधों में तुरंत इस्तेमाल नहीं किये जाते, वे इस रूप में संचित किये जाते हैं:**

1. Glucose / ग्लूकोज़

2. Sugar / शर्करा

3. Glycogen / ग्लाइकोजन

4. Starch / माँड (स्टार्च)

**Correct Answer :-**

- Starch / माँड (स्टार्च)

---

**9) Name the company in Hoshangabad that manufactures Bank Notes and Security papers. /**

**होशंगाबाद में उस कंपनी का नाम बताइये जो बैंक नोट और प्रतिभूति काग़ज़ निर्मित करती है।**

1. India Security Press / इंडिया सिक्योरिटी प्रेस

2. Security Paper Mill / प्रतिभूति कागज कारखाना

3. India Government Mint / भारत सरकार टकसाल

4. Currency Note Press / मुद्रा नोट प्रेस

**Correct Answer :-**

- Security Paper Mill / प्रतिभूति कागज कारखाना

---

**10) Where in Madhya Pradesh is Government Opium & Alkaloid Factories located? /**
**मध्य प्रदेश में सरकारी अफीम और अल्कालॉइड फैक्ट्री कहाँ स्थित हैं?**

1. Singrauli / सिंगरौली

2. Itarsi / इटारसी

3. Mandsaur / मंदसौर

4. Neemuch / नीमच

**Correct Answer :-**

- Neemuch / नीमच

---

## Topic:- GENERAL REASONING

**1) If Z = 26, NET = 39, then NUT = ? /**

**यदि Z = 26, NET = 39, तो NUT = ?**

1. 50

2. 53

3. 56

4. 55

**Correct Answer :-**

- 55

---

**2) Find the missing number: / लुप्त संख्या ज्ञात करें:**

**25, 50, 30, 45, 35, 40, _____**

1. 30

2. 40

3. 45

4. 35

**Correct Answer :-**

- 40

**3) Find the average. /**

**औसत ज्ञात करें।**

**75, 65, 85, 95, 75 & 85**

1. 90
2. 80
3. 70
4. 60

**Correct Answer :-**

- 80

**4) The below series uses a sequence of alphabets and numbers. Identify the incorrect combination: /**

**नीचे दी गई श्रृंखला अक्षरों एवं संख्याओं का अनुक्रम प्रयोग करती है। गलत संयोजन पहचानें।**

**(i)WE14RE45TE**

**(ii) WE14RE45TE**

**(iii) WE14RE46TE**

**(iv) WE14RE45TE**

1. ii
2. iv
3. i
4. iii

**Correct Answer :-**

- iii

**5) Which one of the following four addresses is NOT EXACTLY same as the one given below? /**

**निम्नलिखित दिए गए चार पतों में से नीचे दिये गये पते के ठीक समान कौन सा एक नहीं है?**

**Allies Computing Ltd**

**Manor Farm Barns**

**Fox Road**

**Framingham Pigot**

**NORWICH**

**NR14 7PZ**

**+44 1508 494488**

**(i) Allies Computing Ltd**

**Manor Farm Barns**

**Fox Road**

**Framingham Pigot**

**NORWICH**

**NR14 7P2**

**+44 1608 494488**

**(ii) Allies Computing Ltd**

**Manor Farm Barns**

**Fox Road**

**Framingham Pigot**

**NORWICH**

**NR14 7PZ**

**+44 1508 494488**

**(iii) Allies Computing Ltd**

**Manor Farm Barns**

**Fox Road**

**Framingham Pigot**

**NORWICH**

**NR14 7PZ**

**+44 1508 494488**

**(iv) Allies Computing Ltd**

**Manor Farm Barns**

**Fox Road**

**Framingham Pigot**

**NORWICH**

**NR14 7PZ**

+44 1508 494488

1. ii

2. iv

3. i

4. iii

**Correct Answer :-**

- i

**6)** **Shyam can do a job in 10 days and Kamal can do the same job in 20 days. How long would they take to do it if they work together? /**

**श्याम एक काम को 10 दिनों में कर सकता है और कमल उसी काम को 20 दिनों में कर सकता है। यदि वे दोनों एक साथ काम करते हैं तो इसे करने में उन्हें कितना समय लगेगा?**

1. $6\frac{3}{2}$ days / $6\frac{3}{2}$ दिन

2. $3\frac{6}{2}$ days / $3\frac{6}{2}$ दिन

3. $6\frac{2}{3}$ days / $6\frac{2}{3}$ दिन

4. $2\frac{6}{3}$ days / $2\frac{6}{3}$ दिन

**Correct Answer :-**

- $6\frac{2}{3}$ days / $6\frac{2}{3}$ दिन

**7)** If P and Z are two sets such that n(P) = 19, n(Z)= 27 and n(P∪Z) = 38, then find n(P∩Z). /
यदि P और Z दो सेट इस प्रकार हैं कि n(P) = 19, n(Z)= 27 और n(P∪Z) = 38, तो n(P∩Z) ज्ञात करें।

1. 6

2. 8

3. 5

4. 7

**Correct Answer :-**

- 8

Topic:- PEDAGOGY

**1) CANCELLED**

**Generally, Dyslexia is associated with which disability? /**

**डिस्लेक्सिया सामान्य रूप से किस अक्षमता से संबंधित होता है?**

1. Playing / खेलने
2. Singing / गायन
3. Writing / लिखने
4. Speaking / बोलने

**Correct Answer :-**

- Writing / लिखने

**2) What is the primary difference between Piaget and Vygotsky's theories of language development? /**

**भाषा विकास में पियाजे और वाइगोत्स्की के सिद्धांतों के बीच प्राथमिक अंतर क्या है?**

1. Vygotsky argued thought depends on language while Piaget argued thought are not necessary for language /

   वाइगोत्स्की ने तर्क दिया कि विचार, भाषा पर निर्भर करता है जबकि पियाजे ने तर्क दिया कि विचार, भाषा के लिए आवश्यक नहीं है।
2. Vygotsky argued thought depends on language while Piaget argued language depends on thought /

   वाइगोत्स्की ने तर्क दिया कि विचार, भाषा पर निर्भर करता है जबकि पियाजे ने तर्क दिया कि भाषा, विचार पर निर्भर करता है।
3. Piaget argued that thought depends on language while Vygotsky argued language depends on thought /

   पियाजे ने तर्क दिया कि विचार, भाषा पर निर्भर करता है जबकि वाइगोत्स्की ने तर्क दिया कि भाषा, विचार पर निर्भर करती है।
4. There was no difference between Vygotsky and Piaget regarding language and thought /

   भाषा और विचार के संदर्भ में वाइगोत्स्की और पियाजे के बीच कोई अंतर नहीं है।

**Correct Answer :-**

- Vygotsky argued thought depends on language while Piaget argued language depends on thought /

  वाइगोत्स्की ने तर्क दिया कि विचार, भाषा पर निर्भर करता है जबकि पियाजे ने तर्क दिया कि भाषा, विचार पर निर्भर करता है।

**3) Quantification of attributes and interpretation of result is: /**

**गुणों का परिमाणन और परिणाम की व्याख्या निम्न है:**

1. second step of measurement / मापन का दूसरा चरण
2. first step of measurement / मापन का पहला चरण
3. third step of measurement / मापन का तीसरा चरण
4. the last step of measurement / मापन का अंतिम चरण

**Correct Answer :-**

- the last step of measurement / मापन का अंतिम चरण

---

**4) Which of the following is a two-way teaching learning process? /**

**निम्नलिखित में से कौन सी द्विमार्गी शिक्षण अधिगम प्रक्रिया (टू-वे टीचिंग लर्निंग प्रॉसेस) है?**

1. Group discussion / सामूहिक चर्चा
2. Audio-visual presentation / दृश्य-श्रव्य प्रस्तुति (ऑडियो-विजुअल प्रेजेंटेशन)
3. Computer Assisted Instruction / कंप्यूटर सहायक निर्देश
4. Language laboratory / भाषा प्रयोगशाला

**Correct Answer :-**

- Language laboratory / भाषा प्रयोगशाला

---

**5) In sensorimotor stage, children are not able to: /**

**संवेदिक पेशीय अवस्था (सेंसरीमोटर स्टेज) में, बच्चे इसमें सक्षम नहीं होते हैं:**

1. Display reflexes / सजगता प्रदर्शित करने में
2. Have motor coordination / मोटर समन्वय करने में
3. Have sensory stimulation / संवेदी उत्तेजन रखने में
4. Form symbolic relationships / प्रतीकात्मक संबंध बनाने में

**Correct Answer :-**

- Form symbolic relationships / प्रतीकात्मक संबंध बनाने में

---

**6) In Piaget’s theory of development, cognitive imbalance is known as: /**

**पियाजे के विकास सिद्धांत में, संज्ञानात्मक असंतुलन को इस रूप में जाना जाता है:**

1. Cognitive disequilibrium / संज्ञानात्मक विसंतुलन
2. Cognitive schemas / संज्ञानात्मक स्कीमा

3. Assimilation / आत्मसात

4. Accommodation / आवास

**Correct Answer :-**

- Cognitive disequilibrium / संज्ञानात्मक विसंतुलन

7) **Attitudes, values, and interests are reflected by: /**

**दृष्टिकोण, मूल्य, और रूचि निम्न के द्वारा परिलक्षित होते हैं:**

1. Structural domain / संरचनात्मक ज्ञानक्षेत्र

2. Cognitive domain / संज्ञानात्मक ज्ञानक्षेत्र

3. Psychomotor domain / मन:प्रेरक ज्ञानक्षेत्र

4. Affective domain / भावात्मक ज्ञानक्षेत्र

**Correct Answer :-**

- Affective domain / भावात्मक ज्ञानक्षेत्र

8) **Who has put forth the theory of Social Learning? /**

**सामाजिक अधिगम के सिद्धांत को किसने प्रतिपादित किया था?**

1. Hull / हल

2. Bandura / बंडूरा

3. Watson / वॉट्सन

4. Spearman / स्पीयरमैन

**Correct Answer :-**

- Bandura / बंडूरा

9) **Who among the following used procedures where the client was asked to enact a role during a therapeutic situation? /**

**निम्नलिखित में से कौन उस प्रक्रिया का इस्तेमाल करता है जिसमें व्यक्ति (क्लाइंट) को एक चिकित्सीय स्थिति के दौरान एक भूमिका को निभाने के लिए कहा जाता है?**

1. Carl Jung / कार्ल जंग

2. Carl Rogers / कार्ल रोजर्स

3. Sigmund Freud / सिगमंड फ्रायड

4. George Kelly / जॉर्ज केली

**Correct Answer :-**

- George Kelly / जॉर्ज केली

---

**10) The purpose of conducting an achievement test is for following reasons, except: /**

**एक उपलब्धि परीक्षण आयोजित करने का उद्देश्य, सिवाय इस कारण को छोड़कर अन्य सभी के लिए होता है:**

1. For writing the objectives / उद्देश्यों के लेखन के लिए
2. For modification of teaching strategies / शिक्षण रणनीतियों के संशोधन के लिए
3. For evaluating pupils progress / शिष्यों की प्रगति के मूल्यांकन के लिए
4. For motivating pupils through knowledge of results / शिष्यों को परिणामों के ज्ञान के माध्यम से प्रेरित करने के लिए

**Correct Answer :-**

- For writing the objectives / उद्देश्यों के लेखन के लिए

---

**11) According to Kohlberg, a teacher can instil moral values in children by: /**

**कोह्लबर्ग के अनुसार, एक शिक्षक बच्चों में नैतिक मूल्यों को ऐसे सीखा सकता है :**

1. enforcing greater punishment for deviant behavior / विसामान्य व्यवहार के लिए अधिक सजा लागू करके
2. giving importance to religious teachings / धार्मिक शिक्षाओं पर महत्व देकर
3. involving them in discussions on moral issues / उन्हें नैतिक मुद्दों पर चर्चा में शामिल करवाकर
4. taking extra classes on moral development / नैतिक विकास पर अतिरिक्त कक्षाएं लेकर

**Correct Answer :-**

- involving them in discussions on moral issues / उन्हें नैतिक मुद्दों पर चर्चा में शामिल करवाकर

---

**12) Which of the following is not a characteristic of a slow learner? /**

**निम्नलिखित में से कौन सी धीमे शिक्षार्थी (स्लो लर्नर) का अभिलक्षण नहीं है?**

1. Short span of attention / ध्यान की अल्प अवधि
2. Limited Vocabulary / सीमित शब्दावली
3. Limited range of interest / रूचि का सीमित परास
4. Abstract thinking / अमूर्त चिंतन

**Correct Answer :-**

- Abstract thinking / अमूर्त चिंतन

---

13) **Which one of the following tests is purely a verbal test? /**

**निम्नलिखित में से कौन सा परीक्षण पूरी तरह मौखिक परीक्षण है?**

1. Thematic apperception test / विषय आत्मबोधन परीक्षण
2. Ink-blot test / इंक-ब्लॉट परीक्षण
3. Personality questionnaire / व्यक्तित्व प्रश्नावली
4. Culture-fair test / संस्कृति-निष्पक्ष परीक्षण

**Correct Answer :-**

- Personality questionnaire / व्यक्तित्व प्रश्नावली

---

14) **Which developmental theory was based on how children learn by observing and imitating others behavior? /**

**निम्न में से कौन सा विकास सिद्धांत इस पर निर्भर था कि बच्चे दूसरों के आचरण का अवलोकन करके तथा नकल करके कैसे सीखते हैं?**

1. Trial and error learning / प्रयत्न-त्रुटि अधिगम
2. Classical conditioning / चिरप्रतिष्ठित प्रानुकूलन (क्लासिकल कंडीशनिंग)
3. Social learning theory / सामाजिक अधिगम का सिद्धांत
4. Operant conditioning / क्रियाप्रसूत अनुकूलन (ऑपरेंट कंडीशनिंग)

**Correct Answer :-**

- Social learning theory / सामाजिक अधिगम का सिद्धांत

---

15) **Bright students can be motivated well by: /**

**कुशाग्र बुद्धि वाले विद्यार्थियों को निम्न के माध्यम से भली-भांति प्रोत्साहित किया जा सकता है:**

1. introducing novelties in strategies / रणनीतियों में नयापन लाकर
2. giving them quick feedback / उन्हें त्वरित प्रतिक्रया देकर
3. isolating them in the class / उन्हें कक्षा में अलग-थलग करके
4. rising their aspiration level and goals of life / उनकी आकांक्षाओं के स्तर एवं जीवन के उद्देश्यों का उत्थान करके

**Correct Answer :-**

- rising their aspiration level and goals of life / उनकी आकांक्षाओं के स्तर एवं जीवन के उद्देश्यों का उत्थान करके

---

Topic:- HINDI

**1) सही विकल्प बताइये:**

**"महाराजा भोज के समय से लेकर हम्मीरदेव के समय के कुछ पीछे तक का समय ________ माना जा सकता है।"**

1. आधुनिक काल

2. वीरगाथा काल

3. भक्ति काल

4. रीति काल

**Correct Answer :-**

- भक्ति काल

---

**2) जो लोग स्वार्थ वश व्यर्थ की प्रशंसा और खुशामद करके वाणी का दुरूपयोग करते हैं, वे सरस्वती का गला घोटते हैं। ऐसी तुच्छ वृत्ति वालों को कविता नहीं करनी चाहिए। कविता उच्चाशय, उदार एवं निःस्वार्थ हृदय की उपज है। सत्कवि मनुष्य मात्र के हृदय में सौंदर्य के प्रवाह बहाने वाला है। उसकी दृष्टि में राजा और रंक सब सामान हैं। वह उन्हें मनुष्य के सिवा कुछ नहीं समझता।**

**प्रश्न: सत्कवि की क्या विशेषता होती है?**

1. सत्कवि का उद्देश्य मानव हृदय में असौंदर्य का उन्मुक्त प्रवाह करना है।

2. सत्कवि का उद्देश्य मानव हृदय में सौंदर्य का वियुक्त प्रवाह करना है।

3. सत्कवि का उद्देश्य मानव हृदय में सौंदर्य का उन्मुक्त प्रवाह करना नहीं है।

4. सत्कवि का उद्देश्य मानव हृदय में सौंदर्य का उन्मुक्त प्रवाह करना है।

**Correct Answer :-**

- सत्कवि का उद्देश्य मानव हृदय में सौंदर्य का उन्मुक्त प्रवाह करना है।

---

**3) सही विकल्प बताओ – नाटक में __________ का ध्यान अधिक रखा जाता है।**

1. परिहास

2. प्रभाव

3. प्रभास

4. प्रवास

**Correct Answer :-**

- प्रभाव

---

**4) अंग्रेज़ी से कौन सी नयी ध्वनि हिन्दी में आई?**

1. ओं

2. ओ

3. ऑ

4. आँ

**Correct Answer :-**

- ऑ

5) **रासो काव्य परम्परा की प्रवृत्तियाँ निम्न में से कौन सी है?**

1. रहस्यानुभूति

2. ऐतिहासिकता का अभाव

3. दार्शनिक मान्यताएं

4. ज्ञान की महत्ता

**Correct Answer :-**

- ऐतिहासिकता का अभाव

6) **"पराजित और निराश उत्तर भारत को चौथे महान धर्म सुधार की प्रेरणा दक्षिण भारत से मिली।"**

**उपरोक्त कथन इनमें से किसका है?**

1. आचार्य रामचंद्र शुक्ल

2. डॉ. सत्येन्द्र

3. डॉ. नागेन्द्र

4. डॉ. राधाकमल मुखर्जी

**Correct Answer :-**

- डॉ. राधाकमल मुखर्जी

7) **"हिंदी भारत की राष्ट्रभाषा तो है ही, यही जनतंत्रात्मक भारत में राजभाषा भी होगी" – यह कथन किसका है?**

1. पंडित गोविंद वल्लभ पंत

2. सी.राजगोपालचारी

3. महात्मा गाँधी

4. जस्टिस कृष्णस्वामी अय्यर

**Correct Answer :-**

- सी.राजगोपालचारी

**8) सही विकल्प बताएं-**

**संक्षेपण से अभिप्राय एक ऐसी रचना से है -**

1. जिसमें किसी ध्यातव्य, लेख, निबंध, अनुच्छेद आदि में व्यक्त किये गए भावों को संक्षेप में प्रस्तुत किया जाता है।
2. जिसमें किसी वक्तव्य, लेख, निबंध, विच्छेद आदि में व्यक्त किये गए भावों को संक्षेप में प्रस्तुत किया जाता है।
3. जिसमें किसी वक्तव्य, लेख, निबंध, अनुच्छेद आदि में व्यक्त किये गए भावों को संक्षेप में प्रस्तुत किया जाता है।
4. जिसमें किसी वक्तव्य, लेख, निबंध, अनुच्छेद आदि में व्यक्त किये गए भावों को विस्तार में प्रस्तुत किया जाता है।

**Correct Answer :-**

- जिसमें किसी वक्तव्य, लेख, निबंध, अनुच्छेद आदि में व्यक्त किये गए भावों को संक्षेप में प्रस्तुत किया जाता है।

---

**9) सही विकल्प बताएं-**

**व्यावसायिक क्षेत्र में 'संक्षेपण' एक ________ के रूप में प्रयुक्त होता है ।**

1. पारिभाषिक शब्द
2. अपारिभाषिक शब्द
3. व्याकर्णिक शब्द
4. व्यापारिक शब्द

**Correct Answer :-**

- पारिभाषिक शब्द

---

**10) सही विकल्प बताओ -**

**संक्षेपण शब्द अंग्रेजी के 'प्रेसी' का हिंदी अनुवाद है। 'प्रेसी' मूलतः ________**

1. ग्रीक भाषा के 'प्रेसीड्यूअर' से बना है।
2. फ्रेंच भाषा के 'प्रेसीड्यूअर' से बना है।
3. चाइनीज भाषा के 'प्रेसीड्यूअर' से बना है।
4. लैटिन भाषा के 'प्रेसीड्यूअर' से बना है।

**Correct Answer :-**

- फ्रेंच भाषा के 'प्रेसीड्यूअर' से बना है।

---

**11) सही विकल्प बताओ -**

**________ में प्रासंगिक कथाओं का अवसर नहीं होता।**

1. कहानी

2. उपन्यास

3. निबंध

4. नाटक

**Correct Answer :-**

- कहानी

12) **सही विकल्प बताएं–**

**शब्द से उत्पन्न प्रतीति ही _______ I**

1. वाक्य है

2. अर्थ है

3. रीति है

4. ध्वनि है

**Correct Answer :-**

- अर्थ है

13) **सही विकल्प बताओ-**

**उपन्यासकार,तिथियों और नामों की कल्पना कर _________ करता है।**

1. असंभावित सत्य का चित्रण

2. संभावित असत्य का चित्रण

3. संभावित सत्य का चित्रण

4. अचंभित सत्य का चित्रण

**Correct Answer :-**

- संभावित सत्य का चित्रण

14) **सही विकल्प बताओ-**

**________ में किसी घटना या पदार्थ का वर्णन रहता है।**

1. विवरणात्मक निबंध

2. कथात्मक निबंध

3. वर्णनात्मक निबंध

4. भावात्मक निबंध

**Correct Answer :-**

- वर्णनात्मक निबंध

---

**15) सही विकल्प बताओ-**

**__________ में किसी विषय पर रोचक ढंग से विचारों को प्रकट किया जाता है।**

1. विवरणात्मक निबंध
2. विचारात्मक निबंध
3. वर्णनात्मक निबंध
4. भावात्मक निबंध

**Correct Answer :-**

- विचारात्मक निबंध

---

**16) सही विकल्प बताइए:**

**दृश्य वस्तु बिम्ब का दूसरा रूप -**

1. अलंकृत बिम्ब है।
2. स्पर्श बिम्ब है।
3. दृश्य व्यापार बिम्ब है।
4. सांस्कृतिक बिम्ब है।

**Correct Answer :-**

- अलंकृत बिम्ब है।

---

**17) सही विकल्प बताओ –**

**उपन्यास के कथानक को तीन प्रधान भागों में बाँटा जा सकता है -**

1. कथोपकथन, मध्य या विकास, परिणाम या समाप्ति
2. प्रारंभ या प्रस्तावना, उद्देश्य या विकास, परिणाम या समाप्ति
3. प्रारंभ या प्रस्तावना, मध्य या विकास, परिणाम या समाप्ति
4. प्रारंभ या प्रस्तावना, मध्य या विकास, उद्देश्य

**Correct Answer :-**

- प्रारंभ या प्रस्तावना, मध्य या विकास, परिणाम या समाप्ति

---

**18) सही विकल्प चुनो-**

**_________ जब कोई वस्तु या कार्य किसी अप्रस्तुत वस्तु, भाव, विचार, क्रिया-कलाप, देश जाति, संस्कृति आदि का प्रतिनिधित्व करता हुआ प्रकट किया जाता है, तब वह प्रतीक कहलाता है।**

1. अपने, रूप गुण, कार्य या विशेषताओं के असादृश्य या प्रत्यक्षता के कारण

2. अपने, रूप गुण, कार्य या विशेषताओं के असादृश्य या अप्रत्यक्षता के कारण

3. अपने, रूप गुण, कार्य या विशेषताओं के सादृश्य या प्रत्यक्षता के कारण

4. अपने, कुरूप गुण, कार्य या विशेषताओं के सादृश्य या प्रत्यक्षता के कारण

**Correct Answer :-**

- अपने, रूप गुण, कार्य या विशेषताओं के सादृश्य या प्रत्यक्षता के कारण

---

**19) मध्यकाल में फारसी (अरबी,तुर्की,पश्तो भी) से कौन सी ध्वनियाँ हिन्दी में आ मिलीं?**

1. क़, ख़, ग़,ज,फ़

2. क़, ख़, ग़,ज़,फ़

3. क, ख़, ग़,ज़,फ़

4. क़, ख, ग़,ज़,फ़

**Correct Answer :-**

- क़, ख़, ग़,ज़,फ़

---

**20) किसी वस्तु, भाव या विचार को इन्द्रियगोचर बनाने के मूल व्यापार के साथ बिम्बयोजना अन्य कार्य भी सिद्ध करती है, वो निम्न में से कौन नहीं है।**

1. काव्यार्थ को पूर्णतया स्पष्ट करना

2. कुरूप सौंदर्य या दुर्गुण को हृदय विकारी बनाना

3. भाव को संप्रेषित एवं उत्तेजित करना

4. वस्तु या घटना को प्रयत्क्ष करना

**Correct Answer :-**

- कुरूप सौंदर्य या दुर्गुण को हृदय विकारी बनाना

---

**21) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने पहला 'अंग्रेजी ढंग का मौलिक उपन्यास' कौन-सा माना था?**

1. बालकृष्ण भट्ट का 'नूतन ब्रह्मचारी'

2. राधाकृष्ण दास का 'निस्सहाय हिन्दू'

3. इनमें से कोई नहीं

4. श्रीनिवास दास का 'परीक्षागुरु'

**Correct Answer :-**

- श्रीनिवास दास का 'परीक्षागुरु'

**22) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने वीरगाथा काल की सीमा क्या मानी है?**

1. 9000 ई. -1350 ई.
2. 1100 ई. -1350 ई.
3. 1000 ई. -1350 ई.
4. 1000 ई. -1700 ई.

**Correct Answer :-**

- 1000 ई. -1350 ई.

**23) प्रयत्न के आधार पर क, ख, ग, घ किस भेद के अंतर्गत आते हैं?**

1. संघर्षी व्यंजन
2. प्रकंपित व्यंजन
3. स्पर्श व्यंजन
4. पार्श्विक व्यंजन

**Correct Answer :-**

- स्पर्श व्यंजन

**24) प्रयत्न के आधार पर व्यंजनों के कौन से भेद हैं?**

1. स्पर्श, संघर्षी, स्पर्श-संघर्षी, नाविक, पार्श्विक, उत्क्षिप्त, प्रकंपित, संघर्षहीन सप्रवाह
2. स्पर्श, संघर्षी, स्पर्श-संघर्षी,नासिक्य, पार्श्विक, उत्क्षिप्त, प्रकंपित, संघर्षहीन सप्तप्रवाह
3. स्पर्श, संघर्षी, स्पर्श-संघर्षी,नासिक्य, पार्श्विक, उद्दीप्त, प्रकंपित, संघर्षहीन सप्रवाह
4. स्पर्श, संघर्षी, स्पर्श-संघर्षी, नासिक्य, पार्श्विक, उत्क्षिप्त, प्रकंपित, संघर्षहीन सप्रवाह

**Correct Answer :-**

- स्पर्श, संघर्षी, स्पर्श-संघर्षी, नासिक्य, पार्श्विक, उत्क्षिप्त, प्रकंपित, संघर्षहीन सप्रवाह

**25) छात्र पास हो गए, वाक्य में उद्देश्य है-**

1. पास

2. पास हो गए

3. छात्र

4. हो गए

**Correct Answer :-**

- छात्र

**26) किस कवि को 'प्रकृति का सुकुमार कवि' कहा जाता है?**

1. रामधारी दिनकर

2. सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

3. सुमित्रा नंदन पन्त

4. जयशंकर प्रसाद

**Correct Answer :-**

- सुमित्रा नंदन पन्त

**27) किस कवयित्री को 'आधुनिक मीरा' कहा जाता है?**

1. सरोजनी नायडू

2. महादेवी वर्मा

3. मीरा बाई

4. सुभद्रा कुमारी चौहान

**Correct Answer :-**

- महादेवी वर्मा

**28) संज्ञा पदबन्ध बतलाने वाला वाक्य कौन सा है?**

1. चाँद से भी प्यारा मुखड़ा

2. घर से होकर जाउँगा

3. देव का मारा वह

4. रात को पहरा देने वाला

**Correct Answer :-**

- रात को पहरा देने वाला

**29) निम्नलिखित रचनाओं में से कौन सी नरेश मेहता की लिखी रचना नहीं है?**

1. महाप्रस्थान
2. अरण्या
3. शबरी
4. गुनाहों का देवता

**Correct Answer :-**

- गुनाहों का देवता

---

**30) निम्नलिखित रचनाओं में से कौन सी नागार्जुन की लिखी रचना है?**

1. डूबते मस्तूल
2. स्मृति की रेखाएं
3. प्यासी पथराई आँखें
4. दो एकांत

**Correct Answer :-**

- प्यासी पथराई आँखें

---

**31) निम्नलिखित रचनाओं में से कौन सी कुंवर नारायण जी की लिखी रचना है ?**

1. पारो
2. मेरे साक्षात्कार
3. बात की बात
4. इमरतिया

**Correct Answer :-**

- मेरे साक्षात्कार

---

**32) निम्नलिखित रचनाओं में से कौन सी प्रेमचंद जी की लिखी रचना नहीं है?**

1. कल सुनना मुझे
2. कर्मभूमि
3. सेवा सदन
4. निर्मला

**Correct Answer :-**

- कल सुनना मुझे

---

**33) निम्न में से कौन सी निबंध की विशेषता नहीं है?**

1. व्यक्तित्व का प्रकाशन
2. अन्विति का प्रभाव
3. एकसूत्रता
4. तुकबंदी

**Correct Answer :-**

- तुकबंदी

---

**34) निम्न में से कौन सा पत्र का प्रकार नहीं है?**

1. व्यापारिक पत्र
2. समाचार पत्र
3. सरकारी पत्र
4. सामाजिक पत्र

**Correct Answer :-**

- समाचार पत्र

---

**35) निम्न में से कौन सा बिंदु पत्र लेखन की विशेषता नहीं है?**

1. प्रभान्विति
2. सरल भाषा शैली
3. विचारों की सुस्पष्टता
4. चरमोत्कर्ष

**Correct Answer :-**

- चरमोत्कर्ष

---

**36) निम्न में से कौन निबंध का प्रकार नहीं है?**

1. एकांकी
2. विचारात्मक
3. वर्णनात्मक

4. भावात्मक

**Correct Answer :-**

- एकांकी

37) **निम्न में से कौन संक्षेपण का भेद है?**

1. मशीनी संक्षेपण
2. आमुख
3. मौखिक संक्षेपण
4. सारिणी संक्षेपण

**Correct Answer :-**

- सारिणी संक्षेपण

38) **निम्न में से कौन सा रासो काव्य नरपति नाल्ह द्वारा रचित है?**

1. वीसलदेव रासो
2. परमाल रासो
3. खुमान रासो
4. पृथ्वीराज रासो

**Correct Answer :-**

- वीसलदेव रासो

39) **निम्न में से नाथ साहित्य की कौन सी विशेषता नहीं है?**

1. रामायण तथा महाभारत से सम्बंधित कथाओं का साहित्य में समावेश
2. चित्त शुद्धि और सदाचार में आस्था
3. गुरु महिमा
4. उलटबाँसियाँ

**Correct Answer :-**

- रामायण तथा महाभारत से सम्बंधित कथाओं का साहित्य में समावेश

40) **निम्न में से कौन सा संक्षेपण से सम्बंधित तथ्य नहीं है:**

1. भाषा सरल होनी चाहिए।

2. भाषा मुहावरेदार या आलंकारिक नहीं होनी चाहिए।

3. व्यास शैली होनी चाहिए।

4. अन्यपुरुष का प्रयोग होना चाहिए।

**Correct Answer :-**

- व्यास शैली होनी चाहिए।

**41) निम्नलिखित में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का कौन-सा नाटक एक प्रहसन है?**

1. वैदिक हिंसा, हिंसा न भवति

2. अंधेर नगरी

3. नीलदेवी

4. भारत दुर्दशा

**Correct Answer :-**

- अंधेर नगरी

**42) निम्नलिखित में किसे स्त्री विमर्श की आलोचिका नहीं माना जाता है?**

1. प्रभा खेता

2. अनामिका

3. कात्यायनी

4. सुभद्रा कुमारी चौहान

**Correct Answer :-**

- सुभद्रा कुमारी चौहान

**43) निम्नलिखित में से बोलियों के असंगत विकल्प-युग्म को छाँटिए।**

1. मारवाड़ी, मेवाती, मालवी

2. अवधी, बघेली, ब्रजभाषा

3. ब्रजभाषा, बुंदेली, कन्नौजी

4. भोजपुरी, मगही, मैथिली

**Correct Answer :-**

- अवधी, बघेली, ब्रजभाषा

44) **निम्नलिखित विस्मयादिवाचक वाक्य में से किस वाक्य में योग्य विरामचिन्हों का प्रयोग हुआ है?**

1. बस करो? तुम्हें कुछ समझ में नहीं आता।

2. बस करो, तुम्हें कुछ समझ में नहीं आता।

3. बस करो ! तुम्हें कुछ समझ में नहीं आता?

4. बस करो । तुम्हें कुछ समझ में नहीं आता?

**Correct Answer :-**

- बस करो ! तुम्हें कुछ समझ में नहीं आता?

45) **राहुल सांकृत्यायन ने हिंदी साहित्य का प्रथम कवि किसे माना है?**

1. पुष्य

2. कबीर

3. शालिभद्र सूरि

4. सरहपाद

**Correct Answer :-**

- सरहपाद

46) **बीसलदेव रासो के रचयिता का क्या नाम है?**

1. जगनिक

2. चंद बरदाई

3. नरपति नाल्ह

4. दलपति विजय

**Correct Answer :-**

- नरपति नाल्ह

47) **बिहारी सतसई का मूल रस क्या है?**

1. शांत रस

2. भक्ति रस

3. वात्सल्य रस

4. श्रृंगार रस

**Correct Answer :-**

- श्रृंगार रस

48) **वाक्य का सही विकल्प क्या है?**

**हिंदी की ध्वनियाँ कौन सी हैं?**

1. स्वर – व्यंजन और अनुस्वार
2. स्वर – व्यंजन और विसर्ग
3. स्वर – व्यंजन
4. इनमें से कोई उत्तर सही नहीं है।

**Correct Answer :-**

- स्वर – व्यंजन

49) **वाक्य भेद बताओ?**

**'हमने खाना नहीं खाया'**

1. इच्छावाचक वाक्य
2. संकेतवाचक वाक्य
3. विधिवाचक वाक्य
4. निषेधवाचक वाक्य

**Correct Answer :-**

- निषेधवाचक वाक्य

50) **ऋ किन वर्णों के योग से बना है?**

1. र + ई
2. ऋ + ऋ
3. र् + इ
4. र + इ

**Correct Answer :-**

- र् + इ

51) **निबंध में लेखक का __________ झाँकता हुआ होना चाहिए।**

1. व्यक्तित्व और निजीपन

2. पढ़ाई और लेखन कला

3. लेखन शैली और विचार

4. प्रौढ़ता और लेखन

**Correct Answer :-**

- व्यक्तित्व और निजीपन

52) **हिंदी साहित्य के किस काल को आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने स्वर्ण युग कहा है ?**

1. आधुनिक काल

2. आदि काल

3. भक्ति काल

4. रीति काल

**Correct Answer :-**

- भक्ति काल

53) **हिंदी साहित्य के इतिहास का प्रथम लेखक कौन हैं?**

1. आचार्य राम चन्द्र शुक्ल

2. गार्सा-द-तासी

3. मिश्रबंधु

4. नागेन्द्र

**Correct Answer :-**

- गार्सा-द-तासी

54) **'निशा-निमंत्रण' के रचयिता कौन हैं?**

1. महादेवी वर्मा

2. श्यामनारायण पाण्डेय

3. हरिवंश राय बच्चन

4. जयशंकर प्रसाद

**Correct Answer :-**

- हरिवंश राय बच्चन

**55) 'अभिजात' का पर्यायवाची है-**

1. आल
2. उपयुक्त
3. उत्तमाँ
4. संभ्रांत

**Correct Answer :-**

- संभ्रांत

**56) 'नाम उछालना' मुहावरे का अर्थ है -**

1. बदनाम करना
2. बदनाम न करना
3. नाम कमाना
4. सड़क पर गिरना

**Correct Answer :-**

- बदनाम करना

**57) 'अतीत के चल चित्र' किसके द्वारा रचित साहित्य है?**

1. महादेवी वर्मा
2. गजानन माधव मुक्तिबोध
3. भवानी प्रसाद
4. नागार्जुन

**Correct Answer :-**

- महादेवी वर्मा

**58) 'बेमेल वस्तुएं या मेल न होना' किस मुहावरे का अर्थ है?**

1. आधा तीतर आधा बटेर
2. आड़े हाथों लेना
3. आसमान टूटना
4. आपे से बाहर होना

**Correct Answer :-**

- आधा तीतर आधा बटेर

59) **'नरोत्तमदास' का साहित्य इनमें से कौन सा है?**

1. ध्रुवचरित
2. नगर शोभा
3. रसिकप्रिया
4. कन्हावत

**Correct Answer :-**

- ध्रुवचरित

60) **'प्रहसन' क्या होता है?**

1. इसका पात्र अपने तथा दूसरों के धूर्ततापूर्ण कृत्यों का आकाशभाषित रूप में वर्णन करता है।
2. इसका कथानक मिश्र होता है।
3. यह हास्यप्रधान एकांकी होता है।
4. इसकी कथावस्तु उत्पाद्य अथवा कवि कल्पित होती है।

**Correct Answer :-**

- यह हास्यप्रधान एकांकी होता है।

61) **'विद्यापति' का साहित्य इनमें से कौन सा नहीं है?**

1. लिखनावली
2. बरवै नायिका भेद
3. कीर्ति पताका
4. पुरुष परीक्षा

**Correct Answer :-**

- बरवै नायिका भेद

62) **'छिन्न' का विलोम है -**

1. अबिच्छिन्न
2. अभिचिन्न
3. उतछिन्न

4. अविछिन्न

**Correct Answer :-**

- अविछिन्न

---

**63) ‘जायसी’ का साहित्य इनमें से कौन सा नहीं है?**

1. आखिरी कलाम

2. बीजक

3. पद्मावत

4. कन्हावत

**Correct Answer :-**

- बीजक

---

**64) ‘अवहेलना’ शब्द का पर्यायवाची कौन सा शब्द नहीं है?**

1. अपमान

2. अनादर

3. मद

4. तिरस्कार

**Correct Answer :-**

- मद

---

**65) ‘जौहर दिखाना’ मुहावरे का अर्थ है -**

1. पति के साथ भष्म होना

2. तरकीब जोड़ना

3. आग में जल जाना

4. बहादुरी दिखाना

**Correct Answer :-**

- बहादुरी दिखाना

---

**66) ‘पत्ता काटना’ मुहावरे का अर्थ है -**

1. पतझड़ आना

2. पेड़ काटना

3. पान काटना

4. अधिकार से वंचित करना

**Correct Answer :-**

- अधिकार से वंचित करना

---

**67) 'रसखान' का साहित्य इनमें से कौन सा नहीं है?**

1. दान लीला

2. प्रेम वाटिका

3. सुजान रसखान

4. शिवराज भूषण

**Correct Answer :-**

- शिवराज भूषण

---

**68) 'एक साहित्यिक की डायरी' किसके द्वारा लिखित है?**

1. रामविलास शर्मा

2. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

3. प्रेमचंद

4. गजानन माधव मुक्तिबोध

**Correct Answer :-**

- गजानन माधव मुक्तिबोध

---

**69) 'महाभारत मचाना' मुहावरे का अर्थ है -**

1. महाभारत देखना

2. लड़ाई-तगड़ा न करना

3. लड़ाई-झगड़ा न करना

4. बहुत लड़ाई-झगड़ा करना

**Correct Answer :-**

- बहुत लड़ाई-झगड़ा करना

---

**70) 'कमान से तीर निकलना' मुहावरे का अर्थ है -**

1. मुँह से बात निकलना
2. चैन न पड़ना
3. तीरंदाजी करना
4. तीर चलाना

**Correct Answer :-**

- मुँह से बात निकलना

**71) 'कृपया शांति बनाए रखें' इस आज्ञावाचक वाक्य को प्रश्नार्थक वाक्य में किस प्रकार परिवर्तित किया जा सकता है?**

1. बनाए रखेंगें शांति आप क्या कृपया?
2. शांति बनाए रखेंगे, करके आप कृपा?
3. शांति बनाए रखेंगें कृपया?
4. कृपा कर क्या आप शांति बनाए रखेंगें?

**Correct Answer :-**

- कृपा कर क्या आप शांति बनाए रखेंगें?

**72) 'दलपति विजय' का साहित्य इनमें से कौन सा है?**

1. चित्रलेखा
2. आखिरी कलाम
3. खुमाण रासो
4. पृथ्वी राज रासो

**Correct Answer :-**

- खुमाण रासो

**73) 'तुलसी दास' का साहित्य इनमें से कौन सा नहीं है?**

1. बरवै रामायण
2. रामचंद्रिका
3. हनुमानबाहुक
4. रामचरितमानस

**Correct Answer :-**

- रामचंद्रिका

---

**74) 'यदि आप आते, तो हम साथ चलते' – यह किस प्रकार का वाक्य है?**

1. इच्छावाचक वाक्य
2. विस्मयादिवाचक वाक्य
3. संकेतवाचक वाक्य
4. आज्ञावाचक वाक्य

**Correct Answer :-**

- संकेतवाचक वाक्य

---

**75) 'जी छोटा करना' मुहावरे का अर्थ है -**

1. मायूस होना
2. चिल्लाना
3. रोना
4. जी मिचलाना

**Correct Answer :-**

- मायूस होना

---

**76) 'खबर सुनकर मैं विस्मय हो गया' इस वाक्य में किस प्रकार का वाक्यदोष है?**

1. विभक्ति संबंधी दोष
2. विशेषण संबंधी दोष
3. सर्वनाम संबंधी दोष
4. क्रियागत दोष

**Correct Answer :-**

- क्रियागत दोष

---

**77) 'मुल्ला दाऊद' का साहित्य इनमें से कौन सा है?**

1. सन्देश रासक
2. मधुमालती

3. मृगावती

4. चंदायन

**Correct Answer :-**

- चंदायन

---

**78) 'सुनहले शैवाल' किसके द्वारा रचित साहित्य है?**

1. नरेश मेहता

2. डॉ. धर्मवीर भारती

3. सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'

4. भवानी प्रसाद मिश्र

**Correct Answer :-**

- सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'

---

**79) जिस वाक्य में गहरी अनुभूति का प्रदर्शन किया जाता है, उसे ________ कहा जाता है।**

1. अनुभूति प्रदर्शक वाक्य

2. विस्मयादिवाचक वाक्य

3. प्रश्नवाचक वाक्य

4. संदेहवाचक वाक्य

**Correct Answer :-**

- विस्मयादिवाचक वाक्य

---

**80) जिस वाक्य का एक ही उद्देश्य और विधेय हो उसे कौन सा वाक्य कहते हैं?**

1. मिश्रित वाक्य

2. सरल वाक्य

3. उपवाक्य

4. संयुक्त वाक्य

**Correct Answer :-**

- सरल वाक्य

---

**81) निर्गुण ब्रह्म को जब भावना का विषय बना लिया जाता है तो ________ होता है।**

1. अद्वैतवाद का जन्म

2. रहस्यवाद का जन्म

3. एकेश्वरवाद का जन्म

4. शुद्धाद्वैतवाद का जन्म

**Correct Answer :-**

- रहस्यवाद का जन्म

---

**82) अमीर ख़ुसरो किसके विकास में अपनी भूमिका के लिये जाने जाते हैं?**

1. ब्रज भाषा

2. अवधी

3. भोजपुरी

4. खड़ी बोली

**Correct Answer :-**

- खड़ी बोली

---

**83) स्थान के आधार पर प,फ़,ब,भ,म का उच्चारण स्थान क्या है?**

1. तालव्य

2. दन्त्य

3. वर्त्स्य

4. ओष्ठ्य

**Correct Answer :-**

- ओष्ठ्य

---

**84) पंचमाक्षर (ङ्, ञ्, ण्, न, म्) के स्थान पर अनुस्वार के प्रयोग सर्वप्रथम प्रस्ताव किसने रखा।**

1. डॉ.श्यामसुंदर दास

2. डॉ.धीरेंद्र वर्मा

3. महावीर प्रसाद द्विवेदी

4. बालगंगाधर तिलक

**Correct Answer :-**

- डॉ.श्यामसुंदर दास

**85) नाटक में नाट्यकला और अभिनय–संबंधी अनेक उपादानों की आवश्यकता पड़ती है और __________।**

1. दर्शक ही उसका साधन होते हैं

2. अभिनेत्री ही उसका साधन होती है

3. अभिनेता ही उसका साधन होता है

4. अभिनय ही उसका साधन होता है

**Correct Answer :-**

- अभिनय ही उसका साधन होता है

**86) जो लोग स्वार्थ वश व्यर्थ की प्रशंसा और खुशामद करके वाणी का दुरूपयोग करते हैं, वे सरस्वती का गला घोटते हैं। ऐसी तुच्छ वृत्ति वालों को कविता नहीं करनी चाहिए। कविता उच्चाशय, उदार एवं निःस्वार्थ हृदय की उपज है। सत्कवि मनुष्य मात्र के हृदय में सौंदर्य के प्रवाह बहाने वाला है। उसकी दृष्टि में राजा और रंक सब सामान हैं। वह उन्हें मनुष्य के सिवा कुछ नहीं समझता।**

**प्रश्न: उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक दीजिये?**

1. कवि का दुरूपयोग

2. कविता का दुरूपयोग

3. कविता का सदुरपयोग

4. गद्य का दुरूपयोग

**Correct Answer :-**

- कविता का दुरूपयोग

**87) जो लोग स्वार्थ वश व्यर्थ की प्रशंसा और खुशामद करके वाणी का दुरूपयोग करते हैं, वे सरस्वती का गला घोटते हैं। ऐसी तुच्छ वृत्ति वालों को कविता नहीं करनी चाहिए। कविता उच्चाशय, उदार एवं निःस्वार्थ हृदय की उपज है। सत्कवि मनुष्य मात्र के हृदय में सौंदर्य के प्रवाह बहाने वाला है। उसकी दृष्टि में राजा और रंक सब सामान हैं। वह उन्हें मनुष्य के सिवा कुछ नहीं समझता।**

**प्रश्न: राजा और रंक में कौन सा समास है?**

1. तत्पुरुष समास

2. कर्मधारय समास

3. द्वंद्व समास

4. बहुब्रीहि समास

**Correct Answer :-**

- द्वंद्व समास

**88) एकाधिक ध्वनि के किसी अक्षर में शीर्ष ध्वनि या प्रायः स्वर पर किया गया आघात क्या कहलाता है?**

1. ध्वनि-बलाघात
2. वाक्यांश-बलाघात
3. अक्षर – बलाघात
4. शब्द – बलाघात

**Correct Answer :-**

- ध्वनि-बलाघात

---

**89) जिन भाषाओं में प्रत्यय प्रकृति से अलग लगाया जाता है, उन्हें ________ कहा जाता है।**

1. श्लिष्ट योगात्मक भाषा
2. अंतर्मुखी संयोगात्मक भाषा
3. प्रश्लिष्ट बलात्मक भाषा
4. बहिर्मुखी वियोगात्मक भाषा

**Correct Answer :-**

- बहिर्मुखी वियोगात्मक भाषा

---

**90) किसके आधार पर वाक्य के तीन भेद होते हैं?**

1. ध्वनि के आधार पर।
2. शब्द के आधार पर।
3. रचना के आधार पर।
4. अर्थ के आधार पर।

**Correct Answer :-**

- रचना के आधार पर।

---

**91) जब कोई शब्द पहले व्यापक अर्थ देता हो व बाद में उसके अर्थ की व्याप्ति सीमित हो जाय तो उसे -**

1. अर्थादेश कहते हैं।
2. अर्थ परिवर्तन कहते हैं।
3. अर्थ विस्तार कहते हैं।
4. अर्थ संकोच कहते हैं।

**Correct Answer :-**

- अर्थ संकोच कहते हैं।

---

**92) निर्मल वर्मा लिखित 'चीड़ों पर चाँदनी' की विधा क्या है?**

1. कहानी
2. आत्मकथा
3. यात्रा वृत्तान्त
4. संस्मरण

**Correct Answer :-**

- यात्रा वृत्तान्त

---

**93) 'कामायनी : एक पुनर्विचार' किसके द्वारा रचित साहित्य है?**

1. महादेवी वर्मा
2. गजानन माधव मुक्तिबोध
3. भवानी प्रसाद
4. नागार्जुन

**Correct Answer :-**

- गजानन माधव मुक्तिबोध

---

**94) नयनों को रोने दे, मन संकीर्ण न बन, प्रिय बैठे हैं I**

**आँखों से ओझल हो गए नहीं वे कहीं यहीं पैठे हैं I**

**- उपरोक्त पंक्तियों में कौन सा रस है?**

1. हास्य रस
2. शांत रस
3. वियोग शृंगार रस
4. संयोग शृंगार रस

**Correct Answer :-**

- वियोग शृंगार रस

---

**95) चिरजीवौ जोरी जुरै क्यों न सनेह गंभीर I**

**को घटि ये वृषभानुजा वे हलधर के वीर I**

**- उपरोक्त पंक्तियों में कौन सा अलंकार है?**

1. रूपक अलंकार
2. अतिश्योक्ति अलंकार
3. श्लेष अलंकार
4. उत्प्रेक्षा अलंकार

**Correct Answer :-**

- श्लेष अलंकार

---

**96) तो पै वारौ उरबसी, सुनु राधिके सुजान I**

**तू मोहन के उरबसी, है उर्वसी सामान I**

**- उपरोक्त पंक्तियों में कौन सा अलंकार है?**

1. उपमा अलंकार
2. रूपक अलंकार
3. यमक अलंकार
4. अनुप्रास अलंकार

**Correct Answer :-**

- यमक अलंकार

---

**97) चितवत चकित चहूँ दिसि सीता I**

**कहाँ गए नृपकिसोर मन चीता I**

**लता ओट तब सखिन्ह दिखाए I**

**श्यामल गौर किसोर सुहाए।**

**उपरोक्त पंक्तियों में कौन सा रस है?**

1. शांत रस
2. सम्भोग श्रृंगार रस
3. वियोग श्रृंगार रस
4. वात्सल्य रस

**Correct Answer :-**

- सम्भोग श्रृंगार रस

**98) जिन दिन देखे वे कुसुम गई सु बीति बहार I**

**अब अलि रही गुलाब में, अपत कँटीली दार II**

**उपरोक्त अवतरण में कौन सा अलंकार है?**

1. उपमा अलंकार
2. अन्योक्ति अलंकार
3. रूपक अलंकार
4. अतिशयोक्ति अलंकार

**Correct Answer :-**

- अन्योक्ति अलंकार

---

**99) संदेशों देवकी सो कह्यो I**

**हौं तो धाय तिहारे सुत की, कृपा करत ही रहियो I**

**उपरोक्त पंक्तियों में कौन सा रस है?**

1. वियोग वात्सल्य रस
2. भक्ति रस
3. संयोग वात्सल्य रस
4. श्रृंगार रस

**Correct Answer :-**

- वियोग वात्सल्य रस

---

**100) CASUAL LEAVE का सही हिंदी रूपांतरण है -**

1. निर्णायक मत
2. सभ्य समाज
3. छोड़ देना
4. आकस्मिक छुट्टी

**Correct Answer :-**

- आकस्मिक छुट्टी